4th MONTHLY TEST- DECEMBER -2019-20

Hindi (3rd lang) Q & A

Grade: VIII **Marks: 40**

DATE : 18.12.19 **Time: 1.30 hrs**

(खंड-क)

I. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गये प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

हमारा देश भारत है।यह बहुत पुराना और पवित्र देश है। यह हिमालय से कन्याकुमारी तक फैला हुआ है। हमारे देश के उत्तर में हिमालय पहाड़ है, दक्षिण में हिन्द महासागर है, पूरब में बंगाल की खाड़ी है और पश्चिम में अरब सागर है। हमारा देश ऋषियों, मुनियों और महात्माओं का देश है । भगवान राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर ये सब यहीं पैदा हुए। महात्मा गाँधी, राणा प्रताप, वीर शिवाजी, लक्ष्मीबाई ये भी यहीं पैदा हुए। हमारे देश में सभी धर्मों और जातियों के लोग रहते हैं। हमारे देश के लोग कई भाषाएँ बोलते हैं। फ़िर भी हमारे अधिकार समान हैं। हम सब आपस में मिलजुल कर रहते हैं ।

क) हमारा देश कैसा हैं ? 2

हमारा देश बहुत पुराना और पवित्र देश है।

ख) कौन महान लोग यहाँ पैदा हुए ? 2

भगवान राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर महात्मा गाँधी,राणा प्रताप, वीर शिवाजी, लक्ष्मीबाई यहीं पैदा हुए।

ग) हम कैसे रहते हैं ? 2

हम सब आपस में मिलजुल कर रहते हैं ।

घ) हमारे अधिकार कैसे हैं ? 2

हमारे अधिकार समान हैं।

ड.) उचित शीर्षक लिखिए । 2

‘हमारा देश भारत’

(खंड-ख)

II. क) वर्ण-विच्छेद कीजिए- 2

1. दर्शक- द् + अ + र्+ श् + अ + क् + अ

2. सीताफल- स् + ई + त् +आ + फ् + अ + ल् + अ

ख) अंग्रेजी में अर्थ लिखिए। 3

1. अभिवादन- respect 2. अचानक - suddenly

3. शोषण- exploitation 4. औषधि- medicine

5. ग्रहण- observation 6. नुकसान- loss

ग) उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए। 2

	उपसर्ग	**मूल शब्द**
क) अशान्त-	अ	शान्त
ख) आगमन -	आ	गमन

घ) प्रत्यय और मूल शब्द अलग कीजिए। 2

	मूल शब्द	**प्रत्यय**
क) लाभकारी-	लाभ	कारी
ख) महत्त्वपूर्ण-	महत्त्व	पूर्ण

III. क) नीचे दिए गये वाक्यों में क्रिया शब्द को अलग करके लिखिए । 2

1. श्याम सेब खरीद रहा है । (खरीद रहा है ।)
2. मदारी ने बंदर का नाच दिखाया । (नाच दिखाया)
3. शीतल अच्छी कविताएँ लिखती है । (लिखती है ।)
4. राजा सुन्दर चित्र बनायेगा । (बनायेगा ।)

ख) नीचे दिए गये वाक्यों में सकर्मक / अकर्मक क्रिया पहचान कर लिखिए । 2

1. वह हँस रहा है । (अकर्मक)
2. झंडा हवा में लहरा रहा है। (सकर्मक)
3. राम ने रावण को मारा। (सकर्मक)
4. राजा चैन्नै गया । (अकर्मक)

ग) नीचे दिए गये वाक्यों में काल पहचान कर उसका नाम लिखिए । 2

1. हम आज फ़िल्म देखने जायेंगे। (भविष्य काल)
2. गाय दूध देती है। (वर्तमान काल)
3. मैं पुस्तक पढ़ चुका । (भूत काल)
4. उसने खाना खा लिया। (भूत काल)

IV. कोष्ठक में दिये गये शब्दों से उचित शब्द चुनकर वाक्यों को पूरा कीजिए। 2

1. सबने अपना स्थान ग्रहण कर लिया। **(** ग्रिहण, ग्रहण**)**
2. आजकल मनुष्यों का व्यवहार हमारे प्रति उदासीन हो गया है। **(** आहार**,** व्यवहार **)**
3. यदि अब भी हम सभी नहीं जागे तो इसका परिणाम और भी भयावह हो सकते हैं। **(** दयावह**,** भयावह **)**
4. मैं आपकी समस्याओं को लेकर चिंतित हूँ । **(** विंचित **,** चिंतित **)**

V. खाली स्थान भरिए । 2

1. स्वाद में कड़आ जरूर है लेकिन गुणों की खान है यह पेड़ ।
2. आम को फलों का राजा कहते हैं ।
3. पेड़ों से हमें कागज मिलता है ।
4. 1973 में 'चिपको आन्दोलन' शुरू किया गया था ।

(खंड-ग)

VI. निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1. पेड़ों से हमें कौन सी सबसे महत्त्वपूर्ण चीज मिलती है ? 2
2. क्रिया किसे कहते हैं ? इसके कितने भेद हैं ? 2
3. काल किसे कहते हैं ? इसके कितने भेद हैं ? 2

(खंड- घ)

VII. नीचे दिए गये चित्र का वर्णन कीजिए । 5

1. चित्र में तीन लोग दौड़ रहे हैं ।
2. बच्चों की माता खड़ी हैं ।
3. एक बच्ची रस्सी से खेल रही है ।
4. यह एक पार्क है ।
5. पार्क में बेंच रखा है ।